कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ–ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002

क्रमांक / Q-1 / छात्र / काउंसिलिंग / संचिशि / 2023 रायपुर, दिनांक **27 सितम्बर 2023**

प्रवेश वर्ष 2023 चिकित्सा स्नातक (MBBS) पाठ्यक्रम के मॉपअप राउण्ड आबंटन सूचना

आज दिनांक 27.09.2023 को **चिकित्सा स्नातक (MBBS)** पाठ्यक्रम मॉपअप राउण्ड की आबंटन सूची जारी की गई, जिसमें आबंटित अभ्यर्थी अपने आबंटन पत्र का प्रिंट लेकर स्क्रूटनी स्थल एवं प्रवेश स्थल पर, निम्न सारिणी अनुसार स्क्रूटनी एवं प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करें।

मॉपअप राउण्ड हेतु स्क्रूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया हेतु समय–सारणीः –

क्र.	प्रक्रिया का विवरण	दिनांक एवं समय
1	स्क्रुटनी एवं प्रवेश की प्रारंभ तिथि (Physical Mode/Offline Mode)	दिनांक : 28 सितम्बर 2023, (सभी अवकाश दिवस कार्य दिवस है) समय : 11:00 Hrs. से 17:00 Hrs. तक
2	स्क्रुटनी की अंतिम तिथि (Physical Mode/Offline Mode)	दिनांक : 29 सितम्बर 2023, (सभी अवकाश दिवस कार्य दिवस है) समय : 11:00 Hrs. से 17:00 Hrs. तक
3	आबंटित संस्था में प्रवेश की अंतिम तिथि (Physical Mode/Offline Mode)	दिनांक : 29 सितम्बर 2023, (सभी अवकाश दिवस कार्य दिवस है) समय : 11:00 Hrs. से 17:30 Hrs. तक

निजी चिकित्सा महाविद्यालय श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेस रायपुर एवं रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेस, रायपुर, ***पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर*** में एवं श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेस, जुनवानी भिलाई, ***चंदुलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचांदुर दुर्ग*** में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराने की व्यवस्था करें ।

संबंधित निजी चिकित्सा महाविद्यालय तद्–अनुसार स्क्रूटनी स्थल पर अपने अधिकृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यवस्था कर, प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करायें।

नोट :–

1. **प्रवेश उपरान्त Admission Receipt जारी होने पर ही प्रवेश मान्य होगा, अतः अभ्यर्थी भी रूचि लेकर Admission Receipt जारी कराये तथा उसकी एक कॉपी अवश्य ले।**
   संस्था ऑनलाईन रिपोर्टिंग Scrutiny Receipt स्क्रूटनी की अंतिम तिथि को रात्रि 08:00 बजे (20:00 Hrs) तक तथा Admission Receipt प्रवेश की अंतिम तिथि को रात्रि 11:59 बजे (23:59 Hrs) तक जारी कर सकेंगे।
2. **छत्तीसगढ़ चिकित्सा, दंत चिकित्सा एवं भौतिक चिकित्सा (फिजियोथेरेपी) स्नातक प्रवेश नियम 2018 का अवलोकन कर ही, स्क्रूटनी एवं प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ करें, ताकि प्रवेश संबंधी जटिलताओं से सुरक्षित रहें।**
3. कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमांक / 9195 / छात्र / काउंसिलिंग / संचिशि / 2023 रायपुर, दिनांकः 25 सितम्बर 2023 के अनुसार मॉपअप एवं स्ट्रे राउण्ड में प्रवेश हेतु समय की कमी को देखते हुए अभ्यर्थियों को बंध पत्र, बैंक गारंटी एवं डी.डी. जमा करने हेतु अतिरिक्त समय प्रदान किया जावेगा। (सलंग्न)
4. चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रम स्ट्रे राउण्ड दिनांक **30 सितम्बर 2023** को होना है, अतः उक्त राउण्ड में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपने दस्तावेज एवं शुल्क की व्यवस्था पूर्ण कर लें ताकि समय पर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर सके। *(संचालनालय की वेबसाईट www.cgdme.in एवं एन.आई.सी. की वेबसाइट www.cgdme.admissions.nic.in का नियमित अवलोकन करते रहें।)*

27/9/23

क्रमशः—–2—–

5. सभी शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालय का आबंटन छ0ग0 शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा गठित काउंसिलिंग समिति द्वारा किया जाता है, **अतः किसी व्यक्ति/संस्था के प्रवेश दिलवाने संबंधित धोखे में नहीं फंसे।**

(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

for अध्यक्ष, 27/9/23
काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, छ.ग.

पृ. क्रमांक/ Q-2/छात्र/काउंसिलिंग/संचिशि/2023 रायपुर, दिनांक दिनांक **27 सितम्बर 2023**

प्रतिलिपि :– 1. अधिष्ठाता, शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालय छ0ग0 की ओर उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु ई–मेल से प्रेषित

संबंधित निजी चिकित्सा महाविद्यालय तद्–अनुसार स्क्रूटनी स्थल पर अपने अधिकृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यवस्था कर, प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करायें

(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

for अध्यक्ष, 27/9/23
काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, छ.ग.